माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उ०प्र०
MAA PATESWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, U. P.
Website : https://mpublp.ac.in E-mail : **coe.mpublp@gmail.com**

पत्रांक सं.: माँ०पा०वि०वि०/COE/2026/274 दिनांकः 05 जून, 2026

सेवा में, **अत्यावश्यक/समयबद्ध**

प्राचार्य/प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध अनुदानित/राजकीय/स्व-वित्तपोषित महाविद्यालय

माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर

विषयः- प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु महाविद्यालय में 03 वर्ष से अधिक अध्यापन का अनुभव रखने वाले शिक्षको (अनुमोदित) की सूची उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि माननीय कुलपति जी के निर्देशानुसार द्वितीय सेमेस्टर के सभी पाठ्यक्रमों की वर्ष 2025-26 की प्रायोगिक परीक्षायें शीघ्रतिशीघ्र सम्पन्न करायी जानी है । इस हेतु आपके महाविद्यालय में प्रायोगिक विषयों में 03 वर्ष से अधिक अध्यापन कार्य करने वाले अनुमोदित शिक्षकों का नाम प्रेषित किया जाना अपेक्षित है।

कृपया उक्त के सम्बन्ध में अपने महाविद्यालय के अर्ह शिक्षकों का नाम, अनुमोदन तिथि, वर्तमान में संचालित फोन नम्बर व अन्य विवरण एक्सेल व पी.डी.एफ. प्रारूप में तैयार करके दिनांक 08.06.2026 सायं 05:00 बजे तक दिए गये लिंक https://forms.gle/659CKEtV7Wgqs44J7 में अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

कुलपति महोदय के आदेशानुसार आप द्वारा अनुमोदित शिक्षकों के नाम (आन्तरिक) न प्रेषण किये जाने की स्थिति में आपके महाविद्यालय में विश्वविद्यालय की तरफ से दो वाह्य परीक्षक नामित कर परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु भेज दिये जायेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी होगी।

भवदीय

(दिनेश कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त अधिष्ठातागण/ समन्वयकगण, सम्बन्धित विषय माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर।
2. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर।
3. कुलपति कार्यालय, मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ ।
4. नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल ।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक